AGLASEM.COM

2023-24

HALF YEARLY EXAM

NCERT BASED
SYLLABUS
DOWNLOAD PDF

FOR
CBSE BOARD
AND
STATE BOARDS

Half Yearly Exam 2023-24
Question Paper

Class - VI | **Subject – Hindi**
Time – 3 Hour | **Maximum Marks- 80**

निर्देश –(i) इस प्रश्न पत्र के चार खंड है – खंड क,ख,ग और घ ।
(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर दीजिए।

खण्ड 'क'

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– (1X5=5)

(क) दीवानगढ़ के राजा ने अपने मंत्री रूपल की बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने का निश्चय किया । वह रूपल के साथ एक बगीचे में गया । वहाँ उसने एक आदमी की ओर इशारा करते हुए रूपल से उसका नाम और व्यवसाय बताने को कहा ।रूपल ने एक क्षण विचार करके कहा, "महाराज, उस आदमी का नाम रूपल है और वह बढ़ई का काम करता है। पता करने पर मालूम हुआ कि उस आदमी का नाम और व्यवसाय यही था। जब राजा ने रूपल से पूछा कि उतनी जल्दी सही उत्तर कैसे दे दिया तो वह बोला,"महाराज, जब आपने मुझे मेरा नाम लेकर बुलाया तो वह चौंक पड़ा । बगीचे में बहुत से सुंदर फूल हैं, लेकिन उसका ध्यान उन फूलों पर नहीं बल्कि पेड़ों के तनों की ओर था। हर व्यक्ति का ध्यान अपने व्यवसाय से संबंधित चीज़ों पर होता है। इस तरह मैं उसका नाम और व्यवसाय समझ गया।"

(i) दीवानगढ़ के राजा ने किसकी परीक्षा लेने का निश्चय किया?
(क) सेनापति (ख) मंत्री (ग) सिपाही (घ) राज्यपाल

(ii) उस आदमी का नाम क्या था?
(क) रूपल (ख) रूपक (ग) रूपा (घ) रूपस

(iii) दीवानगढ़ के राजा ने उस व्यक्ति को कहाँ देखा?
(क) बगीचे में (ख) महल में (ग) सभाभवन में (घ) नदी तट पर

(iv) उस व्यक्ति का ध्यान कहाँ था?
(क) फूलों पर (ख) फलों पर (ग) पेड़ों के तनों पर (घ) कहीं नहीं

(v) 'व्यवसाय' शब्द का पर्यायवाची है –
(क) व्यक्ति (ख) व्यापार (ग) व्यस्त (घ) व्यथा

(ख) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X5=5)

पुडुचेरी भारत का बहुत सुंदर केंद्रशासित प्रदेश है। फ्रांस का प्रभाव यहाँ के समूचे जन – जीवन तथा स्थापत्यकला पर दिखाई देता है। एक – दूसरे को समांतर काटती सड़कों पर वाहन तीव्र गति से दौड़ते हैं। पूरा शहर सुव्यवस्थित तथा साफ – सुथरा होने का अहसास देता है। इसके भवन फ्रांसीसी स्थापत्यकला के उदाहरण हैं। भवनों की दीवारें ऊँची, दरवाज़े चौड़े तथा अंदर एक खुला आँगन है। यहाँ फ्रांसीसी शहीदों के स्मृति स्थल भी हैं। अरबिंदो आश्रम शांति तथा अध्यात्म के लिए पुडुचेरी का विशेष आकर्षण है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

(i) पुडुचेरी क्या है ?
(क) राज्य (ख) केंद्रशासित प्रदेश (ग) देश (घ) द्वीप

(ii) पुडुचेरी के स्थापत्य कला पर किस देश का प्रभाव दिखाई देता है?
(क) जर्मनी (ख) भारत
(ग) जापान (घ) फ्रांस

(iii) यहाँ कौन – सा आश्रम प्रसिद्ध है?
(क) फ्रांसीसी लोगों का (ख) अरबिंदों आश्रम (ग) सिद्धाश्रम (घ) कोई नहीं

(iv) गद्यांश में प्रयुक्त अनुनासिक चिह्न वाले शब्द को छाँटकर लिखें –
(क) आश्रम (ख) पूरा (ग) अंदर (घ) आँगन

(v) 'दरवाज़े' शब्द में प्रयुक्त चिह्न ( ) का नाम छाँटिए।
(क) नुक्ता (ख) अनुस्वार (ग) अनुनासिक (घ) कोई नहीं

खण्ड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण) (20)

प्रश्न (2)

(क) लिपि की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखें। (2)

(ख) स्वर एवं व्यंजन में अंतर उदाहरण के साथ लिखिए। (2)

(ग) समूहवाचक संज्ञा एवं द्रव्यवाचक संज्ञा के दो – दो उदाहरण लिखें। (2)

(घ) सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण के साथ लिखें। (2)

(ङ) देशज शब्द की परिभाषा बताएँ। (उदाहरण सहित) (2)

(च) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (2)
(i) अभिनय करने वाला
(ii) चार भुजाओं वाला

(छ) मुहावरों के अर्थ लिखें। (2)
(i) गाँठ बाँध लेना
(ii) ईद का चाँद होना

(ज) सदा स्त्रीलिंग वाले शब्द को छाँटकर लिखें। (1)
चील,सोना, तोता

(झ) निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए। (1)
अनुराग या उद्यमी

(ञ) पर्यायवाची लिखिए (एक) (1)

उपवन या गंगा

(ट) निम्नलिखित तत्सम शब्द का तद्भव रूप लिखें। (1)
मयूर, या ग्राम

(ठ) नीचे दिए गए जातिवाचक संज्ञा की भाववाचक संज्ञा लिखिए (1)
मानव या दोस्त

schools.aglasem.com
aglasem.com

(ड) अशुद्ध शब्द को शुद्ध करें। (1)
पशू या सप्ताहिक

खण्ड 'ग'

प्रश्न (3) पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँट कर लिखिए। (1X4=4)

वह चिड़िया जो
कंठ खोलकर
बूढ़े वन – बाबा की खातिर
रस उड़ेलकर गा लेती है
वह छोटी मुँह बोली चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे विजन से बहुत प्यार है।

(i) "मुझे विजन से बहुत प्यार है" – पंक्ति का अर्थ है–
(क) ज्वार के पके दाने से
(ख) मुझे घर से प्यार है
(ग) मुझे एकांत से प्यार है
(घ) मुझे उपवन से प्यार है

(ii) चिड़िया के पंख किस रंग के हैं?
(क) लाल (ख) पीले (ग) नीले (घ) हरे

(iii) ' रस उड़ेलकर गाना' कैसा होता है
(क) रस टपकना (ख) रस को निकालना (ग) रस को उड़ाना (घ) जिसे सुनकर आनंद आए

(iv) चिड़िया का गीत कैसा है?
(क) बेसुरा (ख) नीरस (ग) उबाने वाला (घ) मधुर

प्रश्न (4) पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँट कर लिखिए। (1X4=4)

राजप्पा को लगा, अपने अलबम के बारे में बातें करना फालतू है। उसने कितनी मेहनत और लगन से टिकट बटोरे हैं। सिंगापुर से आए इस एक पार्सल ने नागराजन को एक ही दिन में मशहूर कर दिया, पर दोनों में कितना अंतर है! ये लड़के क्या समझेंगे?

(i) नागराजन का अलबम कहाँ से आया था?
(क) आगरा (ख) सिंगापुर (ग) श्रीनगर (घ) जापान

(ii) इस गद्यांश के लेखक हैं –
(क) प्रेमचंद (ख) श्री सुंदरा रामस्वामी (ग) हेलेन केलर (घ) कृष्णा सोबती

(iii) गद्यांश में 'उसने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(क) नागराजन (ख) राजप्पा (ग) लेखक (घ) कामाक्षी

(iv) कौन – सा शब्द विदेशज (अंग्रेजी) है?
(क) दिन (ख) पार्सल (ग) मेहनत (घ) अंतर

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न (5) निम्नलिखित अतिलघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(1X5=5)**

(i) चिड़िया को किससे बहुत प्यार है?

(ii) केशव और श्यामा के पिताजी किस काम में व्यस्त रहते थे?

(iii) कविता के आधार पर चाँद को क्या बीमारी है?

(iv) राजप्पा ने नागराजन का टिकट – अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया?

(v) "प्रकृति का जादू किसे कहा गया है?

प्रश्न (6) लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(2X4=8)**

(i) हेलेन केलर प्रकृति की किन – किन चीज़ों को छूकर पहचान लेती थीं?

(ii) अलबम चुराते समय राजप्पा की मानसिक स्थिति का वर्णन करें।

(iii) चाँद की पोशाक की विशेषताएँ लिखिए।

(iv) माँ के पूछने पर भी केशव और श्यामा ने किवाड़ खोलकर दोपहर में बाहर निकलने का कारण क्यों नहीं बताया?

प्रश्न (7) दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3X3=9)**

(i) अंडों की देखभाल के लिए श्यामा और केशव ने क्या – क्या किया?

(ii) 'चाँद से गप्पें' कविता में छोटी बालिका की उम्र क्या है? उसे चाँद कैसा दिखाई देता है?

(iii) 'कुछ खास तो नहीं' – मित्र के इस जवाब को सुनकर हेलेन केलर को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ?

प्रश्न (8) बाल रामायण आधारित प्रश्न (किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए) **(10)**

(i) विश्वामित्र ने दशरथ से ऐसा क्या कहा कि दशरथ दुखी हो गए?

(ii) मंथरा कौन थी ? राम के राज्याभिषेक के समय भरत और शत्रुध्न कहाँ थे?

(iii) भरत ने क्या भयानक सपने देखे?

(iv) अगस्त्य ऋषि का अपने क्षेत्र में बहुत सम्मान क्यों था?

(v) रावण को खर – दूषण के वध की सूचना किसने दी? सीता हरण के कार्य में रावण ने किससे सहायता माँगी?

(vi) चित्रकूट से लौटते समय भरत ने राम का क्या माँगा? मंथरा को मृत्युदंड कौन देना चाहता था?

खण्ड 'घ'

प्रश्न (9) किसी एक विषय पर पत्र लिखें। **(5)**

संगीत प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रधानाचार्य महोदय को पत्र लिखें।

या

अपने मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर – निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्रश्न (10) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें। **(5)**

(क) समय का महत्त्व

- भूमिका
- महत्त्व
- लाभ
- निष्कर्ष

schools.aglasem.com

aglasem.com

(ख) वृक्ष हमारे मित्र

- भूमिका
- लाभ
- संरक्षण के तरीके
- परिणाम एवं उपसंहार

(ग) स्वतंत्रता दिवस

- भूमिका
- कब, क्यों, कैसे
- महत्त्व
- निष्कर्ष

---

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers